## STUDY NOTES BASED ONLINE CLASS :27 (30-10-21)

# STD 10 HINDI

# UNIT : 04

## पाठ का नाम : दिशाहीन दिशा

I. निम्न लिखित प्रश्नों के उत्तर लिखें ।

1) दिशाहीन दिशा किस विधा की रचना है?

उत्तर : यात्रा वृत्त ।

2) दिशाहीन दिशा का लेखक कौन है?

उत्तर : मोहन राकेश ।

3) लेखक मोहन राकेश वास्तव में क्या चाहते थे ?

उत्तर : समुद्र तटों को देखने के लिए एक लंबी यात्रा करना चाहते थे ।

4) यात्रा करने के लिए मोहन राकेश को किसका अभाव था ?

उत्तर : यात्रा के लिए उनके पास समय और साधन का अभाव था ।

5)  यात्रा के लिए  किसकी जरूरत है?

उत्तर :किसी यात्रा पर जाने से पहले यात्रा की रूप- रेखा बनाना जरूरी है।

6)  कोल्लम और कण्णूर के बारे में शिमला स्कूल वालों ने लेखक से क्या कहा था ?

उत्तर : उन्होंने कहा था कि रहने के लिए  कण्णूर  बहुत अच्छी जगह है। एक बार कोल्लम पहुँच जाए तो वहाँ से और कहीं जाने को मन नहीं होगा।

7)  दिल्ली के मित्र ने लेखक से क्या कहा था ?

उत्तर : पश्चिमी समुद्र तट पर गोआ से सुंदर दूसरी जगह नहीं है ।

8) गोआ की क्या क्या विशेषताएँ  है ?

उत्तर :  गोआ में खुला समुद्र तट है ,प्राकृतिक रमणीयता है और जीवन बहुत  सस्ता है।

9)  गोआ में जीवन बहुत सस्ता होने का क्या कारण है ?

उत्तर :  इसका कारण यह है कि रहने - खाने का हर सुविधा वहाँ बहुत

थोडे पैसों में प्राप्त हो सकती है।

10) लेखक के मन में किन किन जगहों के प्रति आत्मीयता जागती थी?

उत्तर : कोचिन , कण्णूर , मंगलूर , गोआ , आलेप्पी के बैकवाटर्ज़ और नीलगिरि की पहाड़ियों से आत्मीयता जागती थी।

11) घने शहर की छोटी सी तंग गली में पैदा हुए लेखक को समुद्र तट के प्रति आत्मीयता क के अनुभव का आधार क्या हो सकता है?

उत्तर : लेखक का जन्म घने शहर की छोटी सी तंग गली में हुआ था। इसलिए विशाल समुद्र तटों के प्रति आकर्षण होना स्वाभाविक ही है | लेकिन यह विपरीत के प्रति आकर्षण मात्र नहीं | लेखक हिंदी के महान साहित्यकार हैं। वे समझतें होंगे कि अपनी कल्पनाओं को विकसित करने में विशाल समुद्र तट सहायक है।

12) अपनी यात्रा से संबधित लेखक का निश्चय क्या है?

उत्तर : वे पहले मुंबई चले जाएंगे। वहाँ से गोआ और अंत में कन्याकुमारी

पहुँचेंगे ।

13) अंत में कन्याकुमारी पहुँचने का निश्चय क्यों किया?

उत्तर : क्यों कि लेखक मोहन राकेश चाहते थे कि अपनी यात्रा का अंतिम पड़ाव कन्याकुमारी हो ।

14) अपनी यात्रा को दिशाहीन दिशा कहने का क्या कारण होगा ?

उत्तरः अपनी यात्रा से संबंधित लेखक की कोई निश्चित रूप- रेखा नहीं थी। इसलिए दिशाहीन दिशा कहा होगा |

15) मोहन राकेश को सबसे अधिक आत्मीयता किससे थी?

उत्तर :उन्हें कन्याकुमारी के तट को लेकर सबसे अधिक आत्मीयता थी।

II. 16. संबंध पहचानें ,सही मिलान करें ।

| | |
|---|---|
| समुद्र तटों के प्रति | अभी तक लेखक यात्रा न कर सके। |
| समय और साधन की कमी से | कि वहाँ जीवन बहुत सस्ता है। |
| हाथ में पैसा आने पर | कन्याकुमारी जाना चाहते है। |
| गोआ इसलिए जा सकते हैं | लेखक ने यात्रा करने का निश्चय किया | |

| | |
|---|---|
| मोहन राकेश अपनी यात्रा के अंत में | मोहन राकेश का विशेष आकर्षण था \| |

उत्तर :

| | |
|---|---|
| समुद्र तटों के प्रति | मोहन राकेश का विशेष आकर्षण था \| |
| समय और साधन की कमी से | अभी तक लेखक यात्रा न कर सके। |
| हाथ में पैसा आने पर | लेखक ने यात्रा करने का निश्चय किया \| |
| गोआ इसलिए जा सकते हैं | कि वहाँ जीवन बहुत सस्ता है। |
| मोहन राकेश अपनी यात्रा के अंत में | कन्याकुमारी जाना चाहते है। |

III. नवीन शब्दार्थ

ॐ धकेलना - മുന്നോട്ട് തള്ളുക

ॐ सस्ता- വിലകുറഞ്ഞ

ॐ सुविधा - സൌകര്യം

ॐ घनिष्ठ संबंध - ദൃഢമായ ബന്ധം

ॐ तट – किनारा - തീരം

ॐ महसूस करना - अनुभव होना

ॐ पड़ाव - താവളം